This Question Paper contains 4 Printed Pages.

**02H(A)**

# HINDI, Paper-II

*(First language)*

**Parts A and B**

**Time : 2 hrs. 45 minutes]** **[Maximum Marks : 40**

**सूचनाएँ :**

(1) कुल अवधि 2 घंटे 45 मिनट में से, 15 मिनट का समय प्रश्नपत्र को पढ़ने एवं समझने के लिए निर्धारित किया गया है।

(2) **पार्ट- 'A'** के प्रश्नों के उत्तर अलग उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

(3) **पार्ट - 'B'** के प्रश्नों के उत्तर उसी उत्तरपुस्तिका पर लिखिए और उसे **पार्ट - 'A'** की उत्तर-पुस्तिका के साथ जोड़िए।

---

## Part - A

**Time : 2 hours** **Marks : 30**

**I.** **अर्थग्राह्यता - प्रतिक्रिया (12 अंक)**

**1.** निम्न वाक्यों को सही क्रम में लिखिए। *4×1=4*

(1) हम दोनों चाहे तो सारी दुनिया की विद्या पढ़ ले।

(2) यह शायद उनके उपदेशों का ही असर है कि मैं दनादन पास हो जाता हूँ।

(3) मेरे देखते तुम बेराह न चलने पाओगे।

(4) इससे आदमी के जीवन में संयम आ जाता है। दूसरों का उसपर स्नेह होने लगता है।

**2.** निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए। *4×½=2*

यह घर एक विराम है, जीवन महा संग्राम है,
तिल-तिल मिटूंगा पर दया की भीख मैं लूंगा नहीं,
वरदान मांगूंगा नहीं।
स्मृति सुखद प्रहरों के लिए, अपने खंडहरो के लिए,
यह जानलो मैं विश्व की संपत्ति चाहूंगा नहीं
वरदान मांगूंगा नहीं।
क्या घर में क्या जीत में, किंचित नहीं भयभीत मैं,
संघर्ष पथ पर जो मिले, यह भी सही वह भी सही,
वरदान मांगूंगा नहीं।

प्रश्न :

(1) जीवन क्या है?

(A) महासंग्राम है (B) विराम है

(C) वरदान है (D) इनमें से कोई नहीं

(2) प्रहर शब्द का अर्थ है –

(A) समय (B) प्रहरी

(C) पहरा देना (D) हरा देना

(3) कवि क्या नहीं मांगना चाहता है?

(A) हार (B) जीत

(C) वरदान (D) जीवन

(4) पद्यांश का उपयुक्त शीर्षक होगा –

(A) जीवन का संग्राम (B) अनमोल जीवन

(C) वरदान नहीं मांगूंगा (D) इनमें से कोई नहीं

**3.** निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर नीचे पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए। $4\times1=4$

विचार कोई ठोस वस्तु नहीं है। इस पर हमारा कोई वश नहीं, हम इन्हें इच्छानुसार चला नहीं सकते, बदल नहीं सकते। साधारणतः मनुष्य यह सोचता है कि मन की प्रवृत्तियों को रोकना कठिन तथा निरर्थक कार्य है, परंतु यह गलत है। प्रत्येक व्यक्ति चाहे वह कितना ही अबोध, अल्पज्ञ, असंस्कृत, व्यस्त हो, उसके अंदर इतना सामर्थ्य अवश्य होता है कि अपने विचारों को समझ सकें, उनका विश्लेषण कर सकें, उनकी छानबीन कर, बुद्धि के स्वभाव का पुनर्निर्माण कर सकें। यह हमारे हाथों में ही है कि हम स्वभाव को श्रेष्ठ बनाये या उसे बिगड़ जाने दें।

प्रश्न :

(1) विचार के विषय में मनुष्य क्या सोचता है?

(2) विचार के बारे में वास्तविकता क्या है?

(3) हमारे पास कौनसी शक्ति है?

(4) 'अ' उपसर्ग वाले शब्द चुनिए।

4. निम्नलिखित वार्तालाप पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए। $4 \times ½ = 2$

अरूण : अरे! हमने स्कूटर यही तो खड़ा किया था।

वरूण : यहाँ तो नहीं, वह अब कहाँ गया?

अरूण : कोई गलती से न ले गया हो।

वरूण : यदि कोई गलती से ले जाता तो उसका स्कूटर तो यहाँ होता।

अरूण : पिछले महीने ही पापा ने आफिस से लोन लेकर खरीदा था।

वरूण : लगता है कोई चोर अपने हाथ दिखा गया।

**प्रश्न :**

(1) क्या खो गया था?

(A) कार (B) स्कूटर

(C) कागज (D) बाइक

(2) स्कूटर किसने, कैसे खरीदा था?

(A) वरूण ने लोन लेकर

(B) अरूण ने लोन लेकर

(C) आफिस का उंपहार

(D) अरूण के पापा ने लोन लेकर

(3) हाथ दिखा जाना ........ का अर्थ –

(A) हाथ धोना (B) हाथ साफ करना

(C) हाथो लेना (D) हाथो हाथ लेना

(4) विस्मयादि बोधक का चिह्न क्या होगा?

(A) ? (B) ÷

(C) ! (D) ।

II. अभिव्यक्ति – सृजनात्मकता। ( 18 अंक )

( अ ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। $2 \times 2 = 4$

5. मानव के बारे में मंगल ग्रह के लोग क्या विचार रखते हैं?

6. अज्जू के पिताजी के मित्र का स्वभाव कैसा था?

( आ ) निम्नलिखित में से ***किसी एक*** प्रश्न का उत्तर दीजिए। $1 \times 4 = 4$

7. **( अ ) वेंकोजी के व्यक्तित्व को दर्शाते हुए उनके प्रयासों को आप कितना उचित मानते है, व्यक्त कीजिए।**

*या*

**( आ ) गजनंदनलाल के साथ होने से विद्यालय की यात्रा सुखद व सार्थक रही – अपने विचार प्रकट कीजिए।**

( इ ) निम्नलिखित में से ***किन्हीं दो*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। $2 \times 5 = 10$

8. विद्यालय में आये नये अध्यापक के कौशल के बारे में तीन विद्यार्थियों के बीच के वार्तालाप को लिखिए।

9. आपके विद्यालय में "शिक्षक-दिवस" धूमधाम से मनाया गया, इसका वर्णन करते हुए माताजी को पत्र लिखिए।

*या*

संकेत बिंदुओं के आधार पर निम्नलिखित विषय पर अनुच्छेद लिखिए।

*संकेत बिंदु :*

- क्रिकेट की लोकप्रियता,
- खेल की विशेषता,
- भारत में इसकी स्थिति – निष्कर्ष।

This Question Paper contains 4 Printed Pages.

**02H(B)**

# HINDI, Paper-II

*(First language)*

**Parts A and B**

**Time : 2 hrs. 45 minutes]** **[Maximum Marks : 40**

**सूचना : पार्ट - 'B'** लिखने के पश्चात् उसे **पार्ट - 'A'** की उत्तर-पुस्तिका के साथ बाँध दें।

## Part - B

***Time : 30 minutes*** ***Marks : 10***

**सूचनाएँ :**

(1) **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

(2) सभी प्रश्नों के उत्तर इसी प्रश्नपत्रिका में लिखिए।

(3) पुनर्लेखन किये गये या मिटाकर लिखे गये उत्तरों को अंक **नहीं** दिये जायेंगे।

**III. भाषा की बात।**

प्रश्न क्रमांक **1** से **18** तक के उत्तर A, B, C, D इन कैपिटल अक्षरों के अंतर्गत दिये गये हैं। सही उत्तर चुनकर उस उत्तर का कैपिटल अक्षर कोष्ठक में लिखिए।

**1.** मैंने एक व्यक्ति देखा। वह बहुत गरीब था। [ ]
संश्लेषण करने से --------- होगा।
(A) मैंने एक बहुत गरीब व्यक्ति को देखा।
(B) एक गरीब व्यक्ति को देखा मैंने
(C) मैंने देखा एक गरीब व्यक्ति को
(D) मैंने बहुत गरीब व्यक्ति को देखा।

**2.** मैं कल रात वही ठहरूंगा। *वाच्य बदलिये -* [ ]
(A) मुझे कल रात वही ठहरना होगा।
(B) मेरा कल रात वही ठहरना होगा।
(C) मुझसे कल रात नहीं ठहरा जायेगा।
(D) मेरे द्वारा कल रात वही पर ठहरना होगा।

3. चोर ने पुलिस से कहा – "मैं बेकसूर हूँ।" [ ]

परोक्ष कथन है –

(A) चोर ने कहा मैं बेकसूर हूँ, पुलिस से

(B) चोर ने पुलिस से कहा कि वह बेकसूर है।

(C) अपनी बेकसूरी चोर ने कही पुलिस से

(D) चोर ने खुद को बेकसूर कहा पुलिस से।

4. 'हमें निरर्थक कार्यों में समय व्यतीत नहीं करना चाहिए।' [ ]

सरल रुपांतरण है –

(A) हमें बेवजह के काम नहीं करने चाहिए।

(B) हमें बेकार के काम में समय नहीं गंवाना चाहिए।

(C) हमें बेकार कार्य में समय बर्बाद नहीं करना चाहिए।

(D) हमें फिजूल काम में समय बिताना नहीं चाहिए।

5. इन वाक्यों में नकारात्मक वाक्य पहचानिए। [ ]

(A) मुझसे यह कार्य नहीं होगा।

(B) मुझसे यह काम न होगा।

(C) मुझसे यह काम मत होगा।

(D) मुझसे यह काम कैसे होगा।

6. निम्न वाक्यों में से सरल वाक्य को चुनिये। [ ]

(A) रवि गाँव गया और स्वस्थ होकर वापिस लौटा।

(B) लक्ष्मी कविताएँ लिखती है और उन्हें सस्वर सुनाती है।

(C) खेत में बकरे चर रहे थे जो कि श्यामू के थे।

(D) रास्ते में मैंने मरियल सी एक औरत देखी।

7. निम्न वाक्यों में से मिश्रवाक्य को चुनिये। [ ]

(A) कर्ण बहादुर ही नहीं वरन् दानवीर भी था।

(B) जितनी महंगाई बढ़ेगी उतना ही असंतोष का भाव भी बढ़ेगा।

(C) किसान ने हल नीचे उतारा और बैल को चरने के लिए छोड़ दिया।

(D) शेर भाग रहा था और शिकारी उसके पीछे लगे हुए थे।

**8.** निम्न में से प्रश्नवाचक वाक्य को पहचानिए। [ ]

(A) आप कुंभ तो जायेंगे न
(B) आप कुंभ से कब जाओगे?
(C) आप कुंभ स्नान जा रहे हो
(D) आप कुंभ स्नान करके आइये।

**9.** उसका यहाँ न आना एक गुप्त रहस्य है।
*वाक्य शुद्ध कीजिए।* [ ]

(A) उसका कही जाना एक गुप्त रहस्य है।
(B) एक गुप्त रहस्य है उसका यहाँ न आना।
(C) उसका वहाँ न आना एक रहस्य है।
(D) इनमें से कोई नहीं।

**10.** राहुल ने गणेश से बात तक नहीं की।
*इसमें निपात शब्द पहचानिये।* [ ]

(A) ने
(B) से
(C) नहीं की
(D) तक

**11.** हम दसवीं की परीक्षा लिख रहे हैं।
*इस वाक्य के काल को पहचानिए –* [ ]

(A) भूतकाल
(B) भविष्यतकाल
(C) वर्तमानकाल
(D) इनमें से कोई नहीं।

**12.** कार फुटपाथ पर चढ़ गई। यह वाक्य किस पदबंध का उदाहरण है? [ ]

(A) संज्ञा पदबंध
(B) सर्वनाम पदबंध
(C) विशेषण पदबंध
(D) क्रियाविशेषण पदबंध

**13.** "!" यह ----- का विराम चिह्न है। [ ]

(A) अल्पविराम
(B) पूर्णविराम
(C) विस्मयसूचक चिह्न
(D) योजक चिह्न

**14.** रक्षा देश की कसम ली पी.एम. ने। *इस वाक्य का सही क्रम पहचानिए।* [ ]

(A) पी.एम. ने कसम ली देश की रक्षा की।

(B) पी.एम. ने देश की रक्षा की कसम ली।

(C) कसम लेकर देश की रक्षा की पी.एम. ने।

(D) पी.एम. ने रक्षा करने की कसम ली देश की।

**15.** "वह स्कूल जाता है।" *यह वाक्य क्या है?* [ ]

(A) निषेधार्थक (B) विधानार्थक

(C) इच्छार्थक (D) संदेहार्थक

**16.** निम्नलिखित वाक्यों में से अकर्मक क्रिया वाले वाक्य को चुनकर लिखिए। [ ]

(A) वह नृत्य करता है। (B) राम ने पत्र लिखा।

(C) दादी ने खाना खिलाया। (D) आराध्या जग रही है।

**17.** "चोर-चोर मौसेरे भाई।"

*इस लोकोक्ति का अर्थ है –* [ ]

(A) भिन्न स्वभाव वाले (B) भिन्न विचार वाले

(C) एक साथ वाले (D) एक से स्वभाव वाले

**18.** बुरी संगत वालो को विद्वानों ने कहा है कि कोयले की दलाली में मुँह काला

*इस वाक्य में लोकोक्ति पहचानिए –* [ ]

(A) बुरी संगत वाले

(B) विद्वानों का कहना

(C) कोयले की दलाली में मुँह काला

(D) बुरी संगत का असर

**19.** घी के दीपक जलाना – *अपने वाक्य में प्रयोग करो।*

.............................................................................................................

.............................................................................................................

**20.** गागर में सागर भरना – *अपने वाक्य में प्रयोग करो।*

.............................................................................................................

.............................................................................................................